हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

(NAAC-Accredited : A+ with CGPA of 3.42)

# आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ


धर्मशाला, ज़िला काँगड़ा, हि.प्र.- 176215


File No: JMC/12-8/COMP/21/1505 Dated: 18/5/2026


## Event Report

| | |
|---|---|
| Name of the Event | औद्योगिक भ्रमण (दिव्य हिमाचल) |
| Objective of the event | छात्रों को मीडिया संसथान की कार्यप्रणाली सहित समाचार के निर्माण के विभिन्न महतवपूर्ण चरणों और प्रक्रिया से अवगत करवाना। |
| Date, Time and Venue | 8 मई, दोपहर 1 बजे, (दिव्य हिमाचल मीडिया संस्थान मुख्यालय) |
| Convener /Organising Secretary | डॉ. चन्दन आनन्द |
| Organising Unit | प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग। |
| Participants | पत्रकारिता विभाग के शोधार्थी और स्नातकोत्तर विद्यार्थी। |
| Outcome of the event | भ्रमण से विद्यार्थियों को पत्रकारिता क्षेत्र में तकनीक और कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान हुआ। विद्यार्थियों ने न्यूजरूम, इनपुट डेस्क, आउटपुट डेस्क, ब्रॉडकास्टिंग, संपादन विभाग और प्रिंटिंग प्रेस की कार्यप्रणाली को देखा, जहाँ विशेषज्ञों ने उन्हें एंकरिंग, एडिटिंग, समाचार चयन, ले-आउट डिजाइनिंग और आधुनिक तकनीकी उपकरणों के प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। |
| Expenditure & Funding Agency if anyone otherwise CUHP | CUHP |
| Photos (atleast one geo-tag) | |

Head
Department of Journalism & Mass Communication
Central University of Himachal Pradesh
Dharamshala, Kangra-176215 (H.P.)








**पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग**

**औद्योगिक भ्रमण, दिव्य हिमाचल मीडिया संसथान (विवरण)**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा 8 मई, 2026 को एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के दौरान विभाग के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने मटौर स्थित प्रमुख मीडिया संस्थान 'दिव्य हिमाचल' के मुख्यालय का दौरा कर पत्रकारिता की व्यावहारिक बारीकियों को करीव से समझा। इस भ्रमण में विभाग के विद्यार्थियों ने समाचार पत्र के निर्माण से लेकर उसके प्रकाशन तक तथा टीवी पर प्रसारित न्यूज की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस औद्योगिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में सीखे गए सिद्धांतों का मीडिया जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली के साथ समन्वय स्थापित कराना था।

भ्रमण की शुरुआत संस्थान के प्रोडक्शन रूम से हुई, जहाँ टीवी और डिजिटल मीडिया की कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। यहाँ संस्थान की एंकर साक्षी राजपूत ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए समझाया कि

Head
Department of Journalism & Mass Communication
Central University of Himachal Pradesh
Dharamshala, Kangra-176215 (H.P.)

किस प्रकार एक लाइव स्ट्रीमिंग को नियंत्रित किया जाता है और पल-पल बदलती सूचनाओं को कैसे 'ब्रेकिंग न्यूज' का रूप दिया जाता है। इसके पश्चात, दल ने प्रिंटिंग प्रेस का रुख किया, जहाँ प्रिंटिंग मैनेजर वरिंदर कुमार ने छात्रों को मेटल प्लेट्स की बारीकियों और प्रिंटिंग की तकनीकी यात्रा से अवगत कराया। उन्होंने बदलते समय में प्रिंटिंग की चुनौतियां और हर सुबह पाठकों तक समाचार पत्र समय से पहुँचने की पूरी प्रक्रिया को समझाया।

भ्रमण के दौरान संस्थान के रेजिडेंट एडिटर संजय अवस्थी ने न्यूज़ रूम के विभिन्न डेस्क—इनपुट, आउटपुट, संपादन और लेआउट—के बीच के सूक्ष्म अंतर्संबंधों को स्पष्ट करते हुए न्यूज़ रूम की कार्यप्रणाली को समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बताया कि समाचारों का चयन, विश्वसनीय सूत्रों का निर्माण और खबरों को डेस्क तक पहुँचाने की प्रक्रिया में क्या-क्या पढ़ाव आते हैं। औद्योगिक भ्रमण के दौरान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनीष प्रकाश और प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सहायक आचार्य डॉ. चन्दन आनन्द छात्रों के साथ रहे। विभागाध्यक्ष प्रो अर्चना कटोच, सह आचार्य डॉ. हर्ष मिश्रा, सहायक आचार्य डॉ. मोनिका ने छात्रों को औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना किया। विभाग के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

| | |
|---|---|
| (Sig. चन्दन आनन्द)<br>Dr. Chandan Anand<br>Convener | (Sig.……………………………)<br>Head/Director<br>(With Stamp) |

Head
Department of Journalism & Mass Communication
Central University of Himachal Pradesh
Dharamshala, Kangra-176215 (H.P.)

**Annexure:**

1. Notice of the event
2. Program Schedule (if any)
3. Program brochure
4. Attendance Sheet (Name & Signature)

फाइल सं: JMC 61-8/CUHP/21/1482-1486
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
(Accredited by NAAC with 'A+' Grade with CGPA of 3.42)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

धर्मशाला – 176215 दिनांक: 06-05-2026

# सूचना

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के समस्त एम.ए. के छात्रों एवं शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि विभाग के प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 08 मई, 2026 को औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है।

इस भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को समाचार संस्थान 'दिव्य हिमाचल' (मटौर, कांगड़ा) के परिसर का भ्रमण कराया जाएगा, जहाँ उन्हें समाचार निर्माण से लेकर प्रकाशन तक की प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा।

साथ ही संपादकीय टीम के प्रधान सम्पादक श्री अनिल सोनी जी के साथ भी **"पत्रकारिता लेखन की कला"** विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की जाएगी, जिससे छात्रों/ शोधार्थियों को पत्रकारिता लेखन एवं कार्यप्रणाली की बेहतर समझ विकसित होगी।

**भ्रमण का विवरण निम्नानुसार है:**

तिथि: 08 मई, 2026
प्रस्थान समय: अपराहन 1.00 बजे
प्रस्थान स्थान: धौलाधार परिसर -I, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
परिचर्चा का समय : अपराहन 4.00 बजे
समन्वयक: डॉ. चन्दन आनन्द

अतः सभी छात्रों/ शोधार्थियों से अनुरोध है कि वे औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

Archana Katoch
**डॉ. अर्चना कटोच**
**विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग**
6/05/2026

**प्रति निम्न कोसूचनार्थ हेतु प्रेषित।**

1. **पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सभी छात्रों/ शोधार्थियों के सूचनार्थ।**
2. **अधिष्ठाता, पत्रकारिता, जनसंचारएवं नव मीडिया के सूचनार्थ।**
3. **समन्वयक, प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के सूचनार्थ।**
4. **पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सभी संकाय सदस्यों के सूचनार्थ।**

Archana Katoch
**डॉ. अर्चना कटोच**
**विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग**

# हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

## प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ

# पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

## द्वारा आयोजित

औद्योगिक भ्रमण
दिव्य हिमाचल मीडिया संस्थान मुख्यालय
एवं
संस्थान के प्रधान सम्पादक श्री अनिल सोनी
के साथ
"पत्रकारिता लेखन की कला" विषय पर
विशेषज्ञ वार्ता एवं परिचर्चा।



**मुख्य संरक्षक**
**प्रो. सत प्रकाश बंसल**
**माननीय कुलपति,**
**हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय**
**विश्वविद्यालय**

**मई 08, 2026**

**प्रस्थान: दोपहर 1 बजे**
**परिचर्चा का समय:**
**4.00 बजे**

संरक्षक - प्रो. अर्चना कटोच, विभागाध्यक्ष,
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

समन्वयक - डॉ. चन्दन आ[illegible]
सहायक आचार्य, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

Page No.: Date: YOUVA

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ की गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 09-05-2026 को औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया, इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने समाचार संस्थान दिव्य हिमाचल (मटौर, कांगड़ा) का दौरा किया, इस अवसर पर निम्नलिखित लोग उपस्थित रहे।

| नाम | हस्ताक्षर |
| --- | --- |
| 1) Dr. Manish Prakash (Associate Prof. JMC) | [signature] |
| 2) Dr. Chandan Anand (Assistant Prof. JMC) | [signature] |
| 3 Ambrish (Phd) | [signature] |
| 4) Komal Vekta (Phd) | [signature] |
| 5) Nitin | [signature] |
| 6) Avani. s | [signature] |
| 7) Md. Shabeer | [signature] |
| 8) Suraj Zutshi | [signature] |
| 9) Sanjeev Chaudhary | [signature] |
| 10 Yatharth Yash Pathak | [signature] |
| 11 Aditya Veer Singh | [signature] |
| 12. Parul Chauhan. | [signature] |
| 13 Khushpreet | [signature] |
| 14. Yashika | Yashika |
| 15. Shristi | [signature] |
| 16 Sangeeta | [signature] |
| 17 Ritika | [signature] |

| | |
|---|---|
| 18) Smriti Thakur | [signature] |
| 19) Palak Thakur | [signature] |
| 20. Srishti dwivedi | Srishtidwivedi |
| ~~TAKSH SANJAY RAJPUT~~ | TAKSH Rajput |
| 21) Rahul Thakur | [signature] |
| 22) Abhishek Chauhan | [signature] |
| 23) Simran Patiyal | [signature] |
| 24) Muskan | [signature] |
| 25) Vivek Kumar Pandey | [signature] |
| 26 Priyanshi deep | Priyanshi |
| 27. Sapna | Sapna |
| 28. Rohit Bisht | [signature] |
| 29. Sakshi | [signature] |
| 30. Rohit Mehta (Phd) | [signature] |
| 31. Shubham (Phd | [signature] |
| 32 Jitna Jijo | [signature] |
| 33. Himanshu | [signature] |
| 34. Jahnvi | [signature] |
| 35 Rahul T | [signature] |
| 36 Muskan | [signature] |
| 37 Veeky | [signature] |
| 38 TAKSH SANJAY RAJPUT | TAKSH |

[signature]

दिव्य हिमाचल

दिव्य हिमाचल | divyahimachal.com

# अनुशासन में रहकर निरंतर सीखने की कला है पत्रकारिता



धर्मशाला: प्रधान संपादक अनिल सोनी के साथ केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र

दिव्य हिमाचल ब्यूरो – धर्मशाला

- दिव्य हिमाचल पहुंचे केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रधान संपादक अनिल सोनी ने दी बड़ी सीख

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के छात्रों का एक दल शुक्रवार को दैनिक दिव्य हिमाचल के मुख्यालय मटौर पहुंचा। इस भ्रमण के दौरान विभाग के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने पत्रकारिता की व्यावहारिक बारीकियों को करीब से समझा। संस्थान के प्रधान संपादक अनिल सोनी के साथ पत्रकारिता लेखन की कला पर एक विशेष परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ चंदन आनंद इस भ्रमण के समन्वयक के रूप में विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

विभाग के विद्यार्थियों ने समाचार पत्र के निर्माण से लेकर उसके प्रकाशन तक तथा टीवी पर प्रसारित न्यूज की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में सीखे गए सिद्धांतों का मीडिया जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली के साथ समन्वय स्थापित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों ने न्यूज रूम, इनपुट डेस्क, आउटपुट डेस्क, ब्रॉड कास्टिंग,संपादन विभाग और प्रिंटिंग प्रेस की कार्यप्रणाली को देखा, जहां विशेषज्ञों ने उन्हें एंकरिंग, एडिटिंग, समाचार चयन, लेआउट डिजाइनिंग और आधुनिक तकनीकी उपकरणों के प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने यह जाना कि एक समाचार घटना स्थल से लेकर पाठकों के हाथों तक पहुँचने के बीच किन महत्वपूर्ण चरणों से होकर गुजरता है और कितने लोगों की टीम कार्य करती है। इस अवसर पर संस्थान के प्रधान संपादक अनिल सोनी के साथ पत्रकारिता लेखन की कला विषय पर एक विशेष परिचर्चा की। परिचर्चा के दौरान श्री सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना देना मात्र नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी और निरंतर सीखने की एक कला है।

उन्होंने छात्रों को प्रभावी लेखन, भाषा की शुद्धता और समाचार की निष्पक्षता के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि आज भी समाचार पत्र की ही विश्वसनीयता है। इस दौरान उन्होंने फीचर लेखन, स्पोर्ट लेखन एवं कॉमर्स लेखन की भी चर्चा की। उधर कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने इस भ्रमण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का सदैव यह ध्येय रहा है कि विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाए।

## परिचर्चा के दौरान विभाग के एसोसिएट

औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम एवं परिचर्चा के दौरान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डाक्टर मनीष प्रकाश और सहायक आचार्य डॉ चन्दन आनंद छात्रों के साथ रहे। विभागाध्यक्ष प्रो अर्चना कटोच, सह आचार्य डॉ हर्ष मिश्रा, और सहायक आचार्य मोनिका ने छात्रों को औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना किया। विभाग के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।